मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग
:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 08/07/2022

क्र. एफ 16-13/2016/ए-ग्यारह : राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स सागर मेन्यूफेक्चरिंग प्रा. लि. के रूपये 936.64 करोड़ के पूंजी निवेश से तामोट, जिला रायसेन में स्थापित/प्रस्तावित कॉटन यार्न परियोजनायें- 1. यूनिट क्रमांक 3 - CIE7206(1); 2. यूनिट क्रमांक 4 - CIE14386; 3. यूनिट क्रमांक 5 - CIE14383; 4. यूनिट क्रमांक 6 - CIE14384; 5. यूनिट क्रमांक 7 - CIE14385 की स्थापना संबंधित प्रस्ताव पर पूर्व में शासन आदेश दिनांक 13/02/2017, 22/06/2018, 31/12/2019 एवं 25/01/2021 द्वारा स्वीकृत विशिष्ट सुविधा पैकेज के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन पर निम्नानुसार सुविधाएं दिये जाने का निर्णय लिया गया -

1. **वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने हेतु समयावृद्धि** – कंपनी की यूनिट क्रमांक 5 एवं 6 में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने हेतु दिसम्बर, 2023 तक की समयावधि प्रदान की जाती है।

2. **विद्युत शुल्क से छूट** - परियोजना अंतर्गत नवीन कनेक्शन/स्थापित विद्युत कनेक्शन अंतर्गत लियें गयें अतिरिक्त विद्युत भार हेतु 33/132/220 केव्ही कनेक्शन पर उत्पादन प्रांरभ दिनांक से 10 वर्ष हेतु विद्युत शुल्क से छूट प्रदान की जाती है।

3. **वाटर कनेक्शन की उपलब्धता-** जल उपलब्धता के आधार पर प्लास्टिक पार्क तामोट से इकाई को जल आपूर्ति इस शर्त पर की जाये कि प्लास्टिक पार्क तामोट में जल उपलब्धता में वृद्धि के लिये आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने में होने वाले व्यय का समानुपातिक अंश कंपनी द्वारा वहन किया जाये तथा प्लास्टिक पार्क तामोट से परियोजना स्थल तक पानी की पाईप लाईन बिछाने में होने वाला व्यय कंपनी द्वारा वहन किया जाये।

4. शासन आदेश दिनांक 13/02/2017, 22/06/2018, 31/12/2019 एवं 25/01/2021 में उल्लेखित शेष सुविधाओं का लाभ कंपनी की परियोजनाओं को यथावत प्राप्त होगा।

5. परियोजना को उद्योग सवंर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित 2021) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगी।

6. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ. क्र. एफ 16-13/2016/ए-ग्यारह
भोपाल, दिनांक 08 /07/2022

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, भोपाल सभांग भोपाल।
4. कलेक्टर, जिला - रायसेन
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. श्री सुधीर कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर, मेसर्स सागर मेन्यूफेक्चरर्स प्रा. लि. द सागर, ई-2/4, अरेरा कॉलोनी, भोपाल - 462016 ।

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग